राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–111/2023

राज्यपाल ने डॉ० राम मनोहर लोहिया को श्रद्धांजलि अर्पित की

पटना, 23 मार्च, 2023 :– महामहिम राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने प्रखर समाजवादी नेता डॉ० राम मनोहर लोहिया के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में लोहिया नगर, पटना स्थित लोहिया उद्यान में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, माननीय उप मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, अन्य मंत्रीगण एवं गणमान्य लोगों ने भी डॉ० राम मनोहर लोहिया जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

समारोह में सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती–पूजन किया गया तथा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए गए। बिहार गीत की भी प्रस्तुति हुई।

....